# अध्याय – 02 | तुलसीदास

## QUIZ-02

1. **सारा संसार महाबाहु परशुराम को किस रूप में जानता है?**
   A. ऋषि भृगु के शिष्य
   B. क्षत्रियों को दंड देने वाले
   C. ऋषि विश्वामित्र के भक्त
   D. क्षत्रियों का संहार करने वाले (D)

*व्याख्या :* परशुराम को उनके क्रोध और पराक्रम के कारण क्षत्रियों का संहार करने वाला माना गया है।

2. **परशुराम क्रोधित होने पर भी लक्ष्मण पर आक्रमण क्यों नहीं करते?**
   A. श्रीराम के कारण
   B. गुरु विश्वामित्र के कारण
   C. लक्ष्मण के क्रोधित होने पर
   D. लक्ष्मण को बालक समझने के कारण (D)

*व्याख्या :* परशुराम लक्ष्मण को बालक मानकर उन पर आक्रमण नहीं करते।

3. **कथन (I): परशुराम ने सहस्त्रबाहु को छोड़कर सभी राजाओं का वध कर डाला था।**

**कथन (II): परशुराम ने पृथ्वी को राजाओं से रहित कर दिया था।**
   A. कथन (I) सही है और कथन (II) उसका गलत कारण है।
   B. कथन (I) सही है और कथन (II) उसका सही कारण है।
   C. कथन (I) गलत और कथन (II) सही है।
   D. कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं। (B)

*व्याख्या :* दोनों कथन सही हैं और (II), (I) का उचित कारण भी है।

4. **लक्ष्मण के अनुसार धनुष तोड़ने में राम का कोई दोष क्यों नहीं था?**
   A. धनुष को उठाने पर वह स्वयं ही टूट गया था
   B. धनुष तोड़ने के लिए कहा गया था
   C. धनुष हाथ लगाते ही टूट गया था
   D. धनुष बहुत पुराना हो गया था (C)

*व्याख्या :* लक्ष्मण ने कहा कि राम ने जानबूझकर नहीं, बल्कि धनुष हाथ लगाते ही टूट गया।

5. **परशुराम बार-बार लक्ष्मण को फरसा क्यों दिखा रहे थे?**
   A. दरबार के अन्य लोगों को चेतावनी देने के लिए
   B. अपना क्रोधी इतिहास बताने के लिए
   C. दरबारियों को वहाँ से भगाने के लिए
   D. लक्ष्मण को डराने के लिए (B)

*व्याख्या :* परशुराम अपने क्रोध और इतिहास को लक्ष्मण के सामने प्रकट करने हेतु फरसा दिखाते थे।

6. **परशुराम के अनुसार लक्ष्मण का स्वभाव कैसा था?**
   A. शांत और विनम्र
   B. मूर्ख और उग्र
   C. साहसी और बलवान
   D. धार्मिक और कोमल (B)

*व्याख्या :* परशुराम ने लक्ष्मण को मूर्ख और उग्र स्वभाव वाला कहा।

7. **"छुअत टूट रघुपतिहु न दोषू" का क्या अर्थ है?**
   A. राम ने धनुष जानबूझकर तोड़ा
   B. राम निर्दोष हैं, क्योंकि धनुष छूते ही टूट गया
   C. राम दोषी हैं, क्योंकि उन्होंने बल प्रयोग किया
   D. राम ने दूसरों के कहने पर धनुष तोड़ा (B)

*व्याख्या :* इस पंक्ति में स्पष्ट है कि धनुष स्वयं ही टूट गया, इसमें राम का दोष नहीं।

8. **लक्ष्मण ने परशुराम को क्यों व्यंग्य किया?**
   A. उनकी आयु अधिक थी
   B. वे तपस्वी थे
   C. वे क्रोधी और अभिमानी थे
   D. वे ब्राह्मण कुल के थे (C)

*व्याख्या :* लक्ष्मण ने परशुराम के क्रोध और अभिमान पर व्यंग्य किया।

9. **परशुराम ने बार-बार किस घटना का स्मरण कराया?**
   A. स्वयं का तप
   B. सहस्त्रबाहु का वध
   C. राम का विवाह
   D. विश्वामित्र की तपस्या (B)

*व्याख्या :* परशुराम बार-बार सहस्त्रबाहु के वध का उल्लेख करते हैं।

10. **इस संवाद से क्या शिक्षा मिलती है?**
   A. अपनी बात धैर्य से समझानी चाहिए
   B. अहंकार से बचना चाहिए
   C. क्रोध नियंत्रण में रखना चाहिए
   D. उपर्युक्त सभी (D)

*व्याख्या :* इस प्रसंग से धैर्य, विनम्रता और अहंकार से बचने की शिक्षा मिलती है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video Courses | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App